Scanned by CamScanner

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## विज्ञापन संख्या............/2019

**विभिन्न रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियोजन हेतु सूचना**

**केन्द्र अथवा राज्य सरकार के किसी संस्थान, ख्याति प्राप्त अर्द्ध सरकारी/गैर सरकारी कंपनियों में अनुभव प्राप्त कर्मियों के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के लिए निम्नांकित पदों पर ऑनलाईन आवेदन (http://biharboardonline.bihar.gov.in) आमंत्रित किया जाता है।**

| क्र० | पदनाम | कुल रिक्ति एवं आरक्षण कोटि | वांछित अनुभव/अर्हता | मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक | Total-23<br>12-GEN<br>02-BC<br>01-BCF<br>05-EBC<br>03-SC | किसी भी संकाय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक की डिग्री के साथ किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्थान/राज्य सरकार प्रायोजित प्रोजेक्ट/ख्याति प्राप्त निजी कंपनी में कार्य करने का न्यूनतम 5 वर्षों का कार्यानुभव एवं कम्प्यूटर पर कार्य करने की दक्षता। | 25,000/- |
| 2 | लेखा सहायक | Total-21<br>11-GEN<br>02-BC<br>03-EBC<br>05-SC | वाणिज्य संकाय में स्नातक एवं लेखा कार्य में किसी प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान में 5 वर्ष का अनुभव अथवा वाणिज्य संकाय में स्नातकोत्तर एवं किसी प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान में लेखा कार्य का 2 वर्ष का अनुभव अथवा वाणिज्य संकाय में स्नातक के साथ एम०बी०ए० (वित्त) एवं लेखा कार्य में किसी प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान में एक वर्ष का कार्यानुभव अथवा वाणिज्य संकाय में स्नातक के साथ सी०ए० इंटर/आई०सी०डब्लू०ए० इंटर एवं किसी प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान में एक वर्ष का कार्यानुभव। | 25,000/- |
| 3 | आशुलिपिक | Total-03<br>02-GEN<br>01-EBC | 1) किसी भी संकाय में इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2) आशुलेखन गति 80 शब्द प्रति मिनट।<br>3) एम०एस० ऑफिस का ज्ञान।<br>(सुयोग्य अभ्यर्थी नहीं मिलने पर आशुलेखन गति सीमा में छूट दी जा सकती है।) | 20,000/- |
| 4 | आशुलिपिक–सह–कंप्यूटर ऑपरेटर | Total-10<br>07-GEN<br>03-EBC | 1) किसी भी संकाय में इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2) आशुलेखन गति 80 शब्द प्रति मिनट।<br>3) कम्प्यूटर टंकण गति हिन्दी– 30 शब्द प्रति मिनट, अंग्रेजी–40 शब्द प्रति मिनट<br>4) एम०एस० ऑफिस का ज्ञान।<br>(सुयोग्य अभ्यर्थी नहीं मिलने पर आशुलेखन गति सीमा में छूट दी जा सकती है।) | 20,000/- |
| 5 | डाटा इंट्री ऑपरेटर | Total-18<br>08-GEN<br>01-BCF<br>04-EBC<br>04-SC<br>01-ST | 1) इंटर उत्तीर्ण एवं किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में एक वर्षीय डिप्लोमा।<br>**अथवा**<br>मैट्रिक उत्तीर्ण एवं किसी मान्यता प्राप्त पोलिटेक्निक से कम्प्यूटर साईंस में तीन वर्षीय डिप्लोमा।<br>**अथवा**<br>राज्य प्रावैधिकी शिक्षा पर्षद द्वारा Computer Science & Engineering/Computer Application/Information Technology शाखा में प्रदत्त तीन वर्षीय डिप्लोमा। | 17,860/- |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | 2) MS Office का अनिवार्य ज्ञान।<br>3) टंकण गति– हिन्दी टंकण में 30 शब्द प्रति मिनट एवं अंग्रेजी टंकण में 40 शब्द प्रति मिनट। (सुयोग्य अभ्यर्थी नहीं मिलने पर टंकण गति सीमा को क्षान्त किया जा सकता है। | |

2. सभी पदों हेतु केवल ऑनलाईन आवेदन की स्वीकार किये जायेंगे। ऑनलाईन आवेदन के लिए लिंक समिति के वेबसाइट http://biharboardonline.bihar.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। सभी प्रकार से पूर्ण ऑनलाईन आवेदन विहित आवेदन शुल्क के साथ दिनांक 26.09.2019 से दिनांक 10.10.2019 को 3:00 बजे तक स्वीकार किए जायेंगे। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
3. सभी पदों पर नियुक्ति संविदा के आधार पर होगी एवं इस आधार पर स्थायी नियोजन का दावा मान्य नही होगा।
4. अनुबंध की अवधि प्रथम बार 11 (ग्यारह) माह की होगी। तत्पश्चात् सेवा संतोषप्रद होने पर एवं आवश्यकता होने पर अवधि विस्तार किया जायेगा।
5. उपरोक्त सभी पदों के लिए नियोजन हेतु अधिकतम उम्र सीमा 50 वर्ष होगी एवं आरक्षित कोटि के उम्मीदवारों को अधिकतम उम्र सीमा में नियमानुसार निम्नवत् छूट दी जायेगी :–

   पिछड़ा/अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पुरूष)– 02 वर्ष
   महिला (अनारक्षित/पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग– 03 वर्ष
   अनुसूचित जाति/जन जाति (पुरूष एवं महिला)– 05 वर्ष

6. CWJC No. 18503/2009 में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक में समिति से छटनीग्रस्त वादी कर्मचारी भी आवेदन कर सकते हैं।
7. सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के द्वारा किसी भी पद के लिए किये गये विज्ञापन को किसी भी समय बिना कारण बताये संशोधित अथवा निरस्त करने का अधिकार होगा।
8. नियुक्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार्य नहीं होगा तथा इस संबंध में अनुचित माध्यम से दबाव बनाने की कोशिश करने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।
9. उम्मीदवारों की संख्या अधिक होने पर समिति को उम्मीदवारों की संख्या को कम करने हेतु अतिरिक्त मानदंडों का सृजन कर आवेदनों की समीक्षा करने का अधिकार होगा।
10. सभी पदों हेतु निर्धारित शुल्क ऑनलाईन आवेदन के समय ऑनलाईन माध्यम से डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग द्वारा देय होंगे। सभी पदों के लिए निर्धारित शुल्क– सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग– 400 रू० एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति– 100 रू० देय होगा।
11. इस संबंध में समिति की वेबसाईट http://biharboardonline.bihar.gov.in पर सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

सचिव
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांक........................................................................./पटना, दिनांक................/2019

प्रतिलिपि : जनसंपर्क पदाधिकारी को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

सचिव
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

Scanned by CamScanner